## गुस्ताखी माफ

आशा ताई भर गई, दुनिया से परवाज।
मगर दिलों में रहेगी, जीवित यह आवाज। जीवित
यह आवाज, सुरीलापन यह शोखी।
भरी शरारत खूब, रही आवाज अनोखी।
कह साहिल कविराय, जगत है खेल-
तमाशा।
अब आयेगी नहीं, कभी भी दूजी आशा।

\- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 93 | TUESDAY 14-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



## सुषमा बिल्डर के खिलाफ हल्ला बोल, वैलेंसीया सोसाइटी में बिजली-पानी संकट से तंग आकर सड़कों पर उतरे लोग




जीरकपुर/यूटर्न/13 अप्रैल। सुषमा वैलेंसीया सोसाइटी में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर निवासियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। मंगलवार शाम करीब 7 बजे सोसाइटी के लोगों ने एकजुट होकर बिल्डर के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए। लोगों ने हाथों में बैनर लेकर और मोबाइल फ्लैशलाइट व मोमबत्तियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन कर रहे निवासियों का आरोप है कि सोसाइटी में लंबे समय से बिजली और पानी की समस्या बनी हुई है। बार-बार बिजली कटने और पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा लिफ्ट सेवाएं भी लगातार खराब रहती हैं, जिससे ऊंची मंजिलों पर रहने वाले बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निवासियों ने कहा कि कई बार बिल्डर और संबंधित प्रबंधन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। मजबूर होकर उन्हें सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नो वॉटर, नो पावर और हमारी समस्याएं हल करो जैसे नारे लगाकर बिल्डर के खिलाफ रोष जताया।

# सेंसेक्स 706 अंक गिरा, यूएस-ईरान शांति वार्ता विफल होने पर निफ्टी 24,800 पर टिका रहा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 अप्रैल। सोमवार को, यूएस-ईरान के बीच संघर्ष विराम वार्ता टूटने और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बाद, वैश्विक संकेतों के कमजोर रहने से भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 50 दिन के निचले स्तर से ऊपर उठे, लेकिन फिर भी लगभग 1 प्रतिशत नीचे रहे। इससे यह चिंता बढ़ गई है कि मध्य-पूर्व का संघर्ष उम्मीद से कहीं ज्यादा लंबा खिंच सकता है। सप्ताहांत में इस्लामाबाद में हुई यूएस-ईरान वार्ता में कोई सफलता नहीं मिली, जिससे दो सप्ताह के नाजुक संघर्ष विराम पर संदेह पैदा हो गया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी सेना सोमवार को सुबह 10 बजे ईटी (1400 जीएमटी) से ईरानी बंदरगाहों में आने-जाने वाले सभी समुद्री यातायात पर नाकाबंदी लागू करना शुरू कर देगी। सेंसेक्स 703 अंक या 0.91 प्रतिशत गिरकर 76,847.57 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 208 अंक या 0.86 प्रतिशत गिरकर 23,842.65 पर बंद हुआ।




### सेंसेक्स 1,६८२ अंक से नीचे गिरा

इस बीच, इंट्रा-डे सौदों में, सेंसेक्स 1,682 अंक या 2.1 प्रतिशत गिरकर दिन के निचले स्तर 75,868.32 पर आ गया, जबकि निफ्टी 495 अंक या 2 प्रतिशत गिरकर अपने इंट्रा-डे निचले स्तर 23,555.60 पर आ गया। व्यापक बाजारों में, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 दोनों लगभग 0.5 प्रतिशत नीचे रहे। विभिन्न क्षेत्रों में, निफ्टी ऑटो, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी आईटी में 1-2 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि निफ्टी बैंक और निफ्टी फानेंशियल सर्विसस लगभग 0.5 प्रतिशत नीचे रहे।

**वैश्विक बाजारों में गिरावट के बीच तेल और डॉलर में बढ़त...** सप्ताहांत में यूएस-ईरान शांति वार्ता में गतिरोध के बाद डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी का आदेश दिए जाने के बाद, तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं, जबकि वैश्विक इक्विटी और बॉन्ड में गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड 7.5 प्रतिशत उछलकर 102 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार करने लगा। इस बीच, एसएंडपी 500 को ट्रैक करने वाले फ्यूचर्स ने 0.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुलने का संकेत दिया। दो-वर्षीय यूएस ट्रेजरी पर यील्ड दो बेसिस पॉइंट बढ़कर 3.82 प्रतिशत हो गई, क्योंकि ट्रेडर्स ने 2026 में यूएस ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम कर दीं। डॉलर में 0.2 प्रतिशत की बढ़त हुई, जो एक सप्ताह से अधिक समय में इसकी सबसे मजबूत बढ़त थी, जबकि सोने की कीमतें गिरकर लगभग 4,730 डॉलर प्रति औंस हो गईं।

**निवेशकों का मूड कमजोर...** खबरों के मुताबिक, यूएस सेना ईरानी बंदरगाहों और तटीय इलाकों में आने-जाने वाले सभी समुद्री यातायात की नाकेबंदी शुरू करने से कुछ ही घंटे दूर थी; इस कदम का मकसद तेहरान पर दबाव बढ़ाना है। वैश्विक बाजारों में, निवेशकों का मूड कमजोर बना रहा। लंदन के समय अनुसार सुबह 9:30 बजे तक स्टॉक्स यूरोप 600 में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 0.6 प्रतिशत गिरे, जबकि नसदीक 100 फ्यूचर्स में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज से जुड़े फ्यूचर्स 0.5 प्रतिशत नीचे फिसल गए। एशिया में, एमएससीआई एशिया पेसिफिक इंडेक्स में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एमएससीआई एमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स 0.7 प्रतिशत नीचे गिरा; यह बाजारों में जोखिम से बचने की व्यापक प्रवृत्ति को दशार्ता है।



RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 93 | TUESDAY 14-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा, 'मैं अब आरोपी नहीं'... रिक्यूजल याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली/यूटर्न/13 अप्रैल। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि रद्द हो चुकी आबकारी नीति 2021-22 से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में वह अब आरोपी नहीं हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रायल कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए कोई सबूत न मिलने के बाद उन्हें पहले ही बरी कर दिया था। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के सामने खुद पेश होकर सीबीआई की उस रिवीजन पिटीशन की सुनवाई से जज के हटने की अपनी अर्जी पर जोर देते हुए केजरीवाल ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को एक विस्तृत आदेश पारित किया था।

# खुसर-फुसर पार्ट 2: क्लब मेंबर्स में छिड़ी चर्चा, बड़े घोटाले के संकेत आए सामने, लोग रसूखदार दिखाने को ज्वाइंन कर रहे क्लब

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। लुधियाना के प्रतिष्ठ इंटरनेशनल नेटवर्किंग क्लब में करोड़ों के गबन के प्रयास का मामला शहर में चचाओं का विषय बना हुआ है। सोमवार को मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद शहर के बाकी क्लब मेंबर्स भी इस मामले संबंधी आपस में खुसर फुसर करते हुए नजर आए। जिस बिजनेस नेटवर्किंग क्लब के एक चैप्टर का मामला विवादों में आया है, उसके घोटाले के संकेत और ज्यादा गहरे होते जा रहे हैं। चचाएं हैं कि इसमें छोटा नहीं बड़ा हेरफेर निकलकर सामने आ सकता है। वहीं चर्चाएं हैं कि उक्त क्लब एक प्रोफेशनल क्लब है। जिसके चैप्टर तो सही हैं, लेकिन उसमें हेड व उनके 1-2




साथियों द्वारा पूरे क्लब को खराब किया जा रहा है। कुछ लोगों की वजह से पूरे क्लब की ही साख दाव पर लग चुकी हैं। हालांकि लुधियाना में कई और इंटरनेशनल क्लब भी चल रहे हैं। जिसके चलते विवादों में घिरे क्लब के कई मेंबर्स दूसरे क्लबों में भी मेंबर हैं। अब देखना होगा कि पूरे क्लब को बदनाम करने में तूले कुछ मेंबर्स पर एक्शन लेकर साख बचाई जाएगी या नहीं।

## लुधियाना के प्रतिष्ठ इंटरनेशनल क्लब में करोड़ों के गबन प्रयास का मामला

**बिजनेस में अहम रोल अदा करते हैं नेटवर्किंग क्लब**...वहीं चर्चा हैं ऐसे नेटवर्किंग क्लबों द्वारा व्यक्ति के बिजनेस में अहम रोल अदा किया जाता है। क्लबों में रूल्स एंड रेगुलेशन समझाया जाता है। वहीं टाइम फॉलो करना और समय की अहमियत के बारे में समझाया जाता है। इसी के साथ साथ नेटवर्किंग के जरिए बिजनेस ग्रोथ में भी ऐसे क्लब अहम भूमिका निभाते हैं।

**मेंबर्स के पैसे खर्च करने की जगह, किया हेरफेर**...वहीं चर्चा है कि क्लब द्वारा समय समय पर मीटिंगें आयोजित की जाती है। मीटिंग में सभी मेंबर्स का आना अनिवार्य होता है। जबकि मीटिंग के चार्ज भी होते हैं। कुछ मेंबर्स अपनी व्यस्त दिनचर्य के कारण नहीं आ पाते। लेकिन उनसे चार्ज वसूल किए जाते हैं। इसी तरह हर साल मेंबरशिप फीस व अन्य चार्ज देने पड़ते हैं। चर्चा है कि हेड द्वारा अपने 1-2 अन्य मेंबर साथियों के साथ मिलकर उन जमा पेमेंट को ट्रिप व अन्य आयोजनों पर खर्च करने की जगह अपने पास ही रख लिए गए। जिसके बाद उनका हिसाब तक नहीं दिया जा रहा। इसी तरह करके करोड़ों रुपए का गबन करने का प्रयास जारी है।

**शातिर मेंबर्स ने टीमें की खत्म**...चर्चा है कि पहले उक्त विवादित चैप्टर में 4-5 मेंबर्स की टीम होती थी। उसी टीम द्वारा क्लब की हर एक्टिविटी को ऑर्गनाइज किया जाता था। तब हर साल बैलेंस शीट भी पेश होती थी और अगर किसी मेंबर की पैसों को लेकर कोई आपत्ति होती थी, तो उसे भी दूर किया जाता था। लेकिन शातिर हेड ने अपने साथियों के साथ मिलकर सबसे पहले उक्त टीम के साइड किया। जिसके बाद सारा कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया। जिसके बाद बैलेंस शीट भी पेश करनी बंद कर दी और मेंबर्स के सवालों के जवाब भी नहीं दिए जा रहे।



# लोगों की जाने से खिलवाड़ कर रहा पंजाब मंडी बोर्ड और मार्किट कमेटी, अनाज मंडी में ही RMC प्लांट के लिए दे रखी किराए पर जमींन

## शिकायत के इंतजार में अफसर, विधायक भी चुप

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब मंडी बोर्ड की ओर से लुधियाना की जनता के साथ लगातार शोषण किया जा रहा है। पहले मंडी बोर्ड द्वारा सलेम टाबरी सब्जी मंडी में पार्किंग व यूजस चार्ज को दिए ठेके में लोगों ने धक्केशाही व ओवरचार्जिंग के आरोप लगाए, मगर मंडी बोर्ड और मार्किट कमेटी अधिकारियों ने जनता का दर्द नहीं समझा और धक्केशाही होती रही। अब मंडी बोर्ड व मार्किट कमेटी का एक और नया कारनामा सामने आया है। जिसमें पंजाब मंडी बोर्ड ने गिल रोड स्थित अरोड़ा पैलेस की बैक साइड अनाज मंडी में ही एक ठेकेदार को आरएमसी प्लांट के लिए जमींन किराए पर दे रखी है। मंडी में गेंहू व अन्य अनाज आता है और वहीं पर लगे प्लांट से रेत और सीमेंट उड़कर अनाज में पड़ता है। फिर वहीं अनाज लोगों तक खाने के लिए पहुंचता है और लोग उसे खा भी रहे हैं। यह सिलसिला आज से नहीं बल्कि लंबे समय से चला आ रहा है। इससे जहां लोगों को दमा और कैंसर जैसे घातक बीमारियां लगने का डर है, वहीं प्रदूषण भी फैल रहा है। चर्चा है कि यह जमीन शहर के एक बाहुबली ठेकेदार को दी हुई है और अफसरों के साथ आपसी सेटिंग के चलते यह प्लांट चल रहा है। अब देखना होगा कि अफसर मामले में एक्शन लेते हुए प्लांट हटाते हैं या यूं ही लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। वहीं चौंकाने वाली बात यह भी है कि हल्का आत्म नगर के अधीन एरिया आने के बावजूद विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने कभी इस तरफ ध्यान नहीं दिया।





अनाज मंडी में लगा प्लांट और खुले में पड़ा रेत

### एक सड़क बनाने को लगाया था प्लांट, फिर हटा ही नहीं

उक्त ठेकेदार नगर निगम के सड़कें बनाने के ठेके भी लेता है। चर्चा है कि साल 2022 के मिडिल में नगर निगम द्वारा उक्त ठेकेदार को गिल रोड से जीएनई कॉलेज तक सड़क बनाने का ठेका दिया था। ठेकेदार ने सड़क बनाने के लिए पंजाब मंडी बोर्ड व मार्किट कमेटी के साथ मिलीभगत करके आरएमसी प्लांट लगाने को जमीन किराए पर ली। सड़क कुछ महीने बाद बनकर तैयार हो गई, लेकिन प्लांट वहीं का वहीं रह गया।

### कमाई के चक्कर में जिंदगियां दाव पर लगाई

चर्चा है कि उक्त बाहुबली ठेकेदार का इतना दबदबा है कि कोई उसके खिलाफ जल्द कंप्लेंट नहीं करता। अगर की तो अफसरों ने सुनवाई नहीं की। नियमों के मुताबिक मंडी में प्लांट नहीं लग सकता, चर्चा है कि अफसरों से सेटिंग के चलते यह लगा। पहले तो यह प्लांट एक सड़क बनाने की बात कहकर लगाया था। अब हर साल मंडी बोर्ड द्वारा एग्रीमेंट करके किराए पर दिया जाता है, अपनी कमाई के चक्कर में अधिकारियों द्वारा आम जनता की जिंदगियां दाव पर लगा रखी है। अब फिर गेंहू का सीजन शुरू हो चुका है और लोगों को गंदगी भरा अनाज मिलेगा।

### प्रदूषण विभाग आखिर क्यों चुप ?

वहीं इस प्लांट से रोजाना भारी मात्रा में रेत और सीमेंट उड़कर हवा के जरिए फैलने से प्रदूषण बढ़ रहा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के लुधियाना यूनिट द्वारा कभी इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। वहीं चर्चा है कि अधिकारियों को सब कुछ पता है। लेकिन फिर भी वह आखिर क्यों चुप हैं, यह पता नहीं चल पा रहा।

### अनाज से सीमेंट-रेत धोकर भी नहीं हो सकती अलग

एक्सपर्ट की मानें तो सीमेंट और मिट्टी अगर एक बार भी अनाज में पड़ जाए तो उसे जितनी मर्जी बार धो लें, लेकिन वह उससे अलग नहीं हो सकेगा। जिससे वहीं अनाज जनता के पास पहुंचेगा और फिर उसे खाने से लोग कई तरह की बीमारियों का शिकार होंगे। चर्चा है कि हर साल अप्रैल में कांट्रेक्ट रिन्यू होता है। अब देखना होगा कि रिन्यू होगा या नहीं।

### प्लांट कराया जाएगा बंद



मार्किट कमेटी सेक्रेटरी हरिंदर सिंह गिल ने कहा कि अनाज का सीजन शुरू हो गया है। यह प्लांट मंडी बोर्ड द्वारा लंबे समय से किराए पर दे रखा है। इसकी जांच जारी है। समस्या सामने आई तो प्लांट बंद कराया जाएगा। लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ नहीं ..करने दिया जाएगा।

### एक महीना पहले शिकायत का इंतजार कर रहे थे अधिकारी

एक महीना पहले मार्किट कमेटी अधिकारियों का कहना था कि उन्हें मामले की शिकायत नहीं आई। शिकायत आने पर एक्शन लेगें। अब चर्चा है कि जैसे सलेम टाबरी सब्जी मंडी की पार्किंग मामले में अफसरों पर रिश्वत के आरोप लगें, तो तुरंत ठेकेदार पर ओवरचार्जिंग का 15 लाख जुर्माना लगा। वहीं अब इस मामले में भी अफसरों पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। जिसके चलते चर्चा है कि अब खुद पर आने के बाद शायद अधिकारी एक्शन ले सकते हैं।

### पूरे शहर की सड़कें बनाने में इस्तेमाल हो रहा प्लांट

बेशक ठेकेदार ने इस प्लांट को इस लिए किराए पर लिया था, ताकि गिल रोड का निर्माण होना है और उसका मटीरियल नजदीक ही मिक्स हो जाए और सड़क बनाने में आसानी हो। लेकिन अब ठेकेदार ने शहर की कई सड़कों के ठेके लिए और इसी प्लांट के जरिए बाकी सड़कें बनाने को मटीरियल तैयार हो रहा है। यानि कि सड़कें अलग अलग जगह बन रही है, लेकिन प्रदूषण का शिकार आसपास इलाके के लोग हो रहे हैं।

# राकेश कपूर ने मोंगा टोयोटा शोरूम के उद्घाटन पर एमडी को दी बधाई



लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी, पंजाब के प्रदेश प्रवक्ता राकेश कपूर ने लुधियाना में मोंगा टोयोटा शोरूम के उद्घाटन अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेश मोंगा को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर कपूर ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर राकेश कपूर ने कहा कि मोंगा टोयोटा शोरूम का उद्घाटन क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लुधियाना में विश्वस्तरीय ऑटोमोबाइल सुविधाओं का आना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के निवेश पंजाब की आर्थिक क्षमता में बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं और राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। राकेश कपूर ने भूपेश मोंगा एवं उनकी पूरी टीम को इस नए प्रयास के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पति दबाव पाकर पत्नी से करता रहा रेप, पुलिस ने किया मामला दर्ज



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। पक्खोवाल रोड स्थित पंजाब माता नगर में एक महिला ने अपने पति पर जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। उसने इस, संबंधी पुलिस को शिकायत दी। थाना दुगरी की पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी 2008 में हुई थी। उसका पति पहले दिन से उसे शारीरिक व मानसिक तौर पर परेशान कर रहा था। वह कई सालों से उसकी मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती संबंध बनाता रहा। जब वो मना करती है तो पीटता था। पत्नी ने शिकायत में कहा है कि उसके बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं। जब वो बच्चों की फीस या घर के खर्चों के लिए पैसे मांगती हूं तो पति उसे मजबूर कर देता है। महिला ने शिकायत में कहा कि उसके पति के सिर पर जबरदस्ती संक्स का भूत सवार होता है। जब वो मना करती है तो पति उसे बेरहमी से पीटता है। उसका कहना है कि वो अपनी इज्जत की वजह से कई सालों से इस प्रताड़ना को झेल रही है। जिसके बाद उसने मजबूर होकर पुलिस को शिकायत दी।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

III मंगलवार, 14 अप्रैल 2026




पेज 12 वृंदावन नाव हादसा: शाही इमाम ने जगरांव पहुंच...

# युवक को मिला प्यार में धोखा, गर्लफ्रेंड नर्स का सुसाइड नोट में नाम लिख की खुदखुशी, मामला दर्ज



लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। अय्याली चौक के पास बिजली मैकेनिक ने गर्लफ्रेंड नर्स से प्यार में धोखा मिलने पर सुसाइड नोट लिखकर खुदखुशी कर ली। उसने सुसाइड नोट में मौत का कारण अपनी गर्लफ्रेंड को बताया। युवती लुधियाना के नामी अस्पताल में नर्स है। मृतक का नाम सोहन सिंह है। थाना सराभा नगर की पुलिस ने युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोहन सिंह के भाई मोहन सिंह ने बताया कि उसका भाई बिजली मैकेनिक था। उसकी दोस्ती लुधियाना के एक प्राइवेट अस्पताल की नर्स से थी। दोनों करीब 5 साल से रिलेशन में थे। लेकिन कुछ दिनों से लड़की परेशान करने लगी थी। उसने सोहन सिंह से दूरी बनानी शुरू कर दी और किसी अन्य युवक से शादी करने की बात कही। मोहन के मुताबिक, मरने से पहले उसके भाई सोहन ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। सुसाइड नोट में उसके भाई ने लिखा- मैं मरने लगा हूं, लड़की से करीब 4-5 साल से मेरी बातचीत है। वह मेरी 5 साल की कमाई खा गई है। अब मेरे से ये लारा लगा रही है। वह प्रेसर दे रही थी कि तुमने मरने आ तो मर जाओ। जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया।



# मां बगलामुखी धाम में 24 अप्रैल को आयोजित होगा मां बगलामुखी जंयति महोत्सव

## महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में आयोजित हुई स्वयंसेवको की तैयारियों संबधी बैठक

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। मां बगलामुखी जी की पावन जयंति महोत्सव पर आयोजित होने वाले हवन यज्ञ व संकीर्तन की तैयारियों संबधी बैठक रविवार को महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में आयोजित हुई। बैठक में सैंकड़ो स्वंयसेवक परिवार शामिल हुए। महंत प्रवीण चौधरी जी ने स्थानीय पखोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम परिसर में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले जयंति महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 6 बजे मां बगलामुखी जी के पावन स्वरुप के स्नान के साथ पीले वस्त्र अर्पित होंगे। पूजन के उपरांत पूरा दिन भक्त जगत जननी के दर्शन दीदार करेंगे। शाम 7 बजे रात्रि 10 बजे तक हवन यज्ञ आयोजित होगा। यज्ञ में पूर्णहुति के साथ रात्रि 10 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक मां बगलामुखी जी का गुणगान करेंगे। धाम परिसर पीले फूलों से सजाया जाएगा। मां भगवती को पीले रंग के प्रसाद अर्पित कर भोग के रुप में वितरित होंगे। वहीं पीले वस्त्र धारी स्वयंसेवक सेवा भाव से संगत का स्वागत करेंगे। मां भगवती को अर्पित अनेक प्रकार के व्यंजन



प्रसाद व भंडारे के रुप में वितरित होंगे। आरती के साथ जयंति महोत्सव को विश्राम दिया जाएगा।

इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल,कर्ण शांडिल्या,सुनील महाजन,रमन घई,जतिन्द्र सूद,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह,सुधीर महाजन,गौरव

कालिया,जतिन सूद,परमवीर चौधरी,संदीप सूद, सुनील हांडा,नरिंदर सिंगला, इकबाल सिंह ,बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिंन्द्र महाजन,तरुण चौधरी, अंकुश सिंगला,चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी,पंकज गुप्ता ,दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता,वरुण चोपड़ा, तुषार बंसल, धीरज गुप्ता,जनकराज सिंगला,बौबी मक्कड़, नितेश सूद,राकेश पासी ,गुनीत खैरा,अजय जैन, रविन्द्र सिंह वालिया,तेजिन्द्र मिगलानी, वरुण दत्त, भूपिन्द्र सिंह,वेद लूथरा, सुनील हांडा,वरूण शर्मा,पवन पारिक, अनुज वधवा,आशूतोष,प्रदीप टाटा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# ले चलो खाटू नगरी रे श्याम प्यारे की पर झूमे भक्तजन

## बाबा के दरबार में सच्चे मन से हाजिरी लगाने वाले की हर मनोकामना होती है पूर्ण-नवीन



चंडीगढ़/यूटर्न/13 अप्रैल। रोड कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में ट्रस्टी प्रदीप मित्तल ,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल,अनिल मित्तल की अध्यक्षता में साप्ताहिक श्री श्याम संकीर्तन बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया गया संकीर्तन में ॠतु श्रीमाली राजसमंद राजस्थान वालों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया गया। सर्वप्रथम आचार्य दीपक पांडे, पंडित करण उपाध्याय, पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय ने मंत्रोचारण के साथ बाबा श्याम का पूजन किया। संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार नरेश गर्ग परिवार द्वारा किया गया।जो कि आकर्षण का केंद्र था।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या यह सच्ची श्रद्धांजलि है?

डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें जो सबसे बड़ी शिक्षा दी, वह थी – शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष। उन्होंने कहा था कि ₹शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।₹

लेकिन आज सवाल यह है कि

क्या हम सच में उनकी इस शिक्षा पर अमल कर रहे हैं? आज के समय में हम अंबेडकर जी की जयंती बड़े उत्साह से मनाते हैं, रैलियां निकालते हैं, भाषण देते हैं और सोशल मीडिया पर उनके विचार साझा करते हैं। लेकिन क्या सिर्फ इतना करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है? यदि हम उनके विचारों को अपने जीवन में नहीं अपनाते, तो यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाती है। अंबेडकर जी ने जाति-भेद, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी। लेकिन आज भी समाज में कई जगह भेदभाव देखने को मिलता है। शिक्षा को उन्होंने सबसे बड़ा हथियार बताया था, फिर भी बहुत से लोग आज भी शिक्षा को महत्व नहीं देते।

सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि

हम उनके बताए मार्ग पर चलें, सभी को समान सम्मान दें, शिक्षा को अपनाएं और अन्याय के खिलाफ खड़े हों। केवल जयंती मनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Cross-Examination क्यों case का turning point होता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कोर्ट में गवाह (witness) का बयान महत्वपूर्ण होता है, लेकिन असली परीक्षा Cross-examination में होती है।

Cross-examinationवह प्रक्रिया है, जिसमें विरोधी पक्ष का वकील गवाह से सवाल पूछकर उसके बयान की सच्चाई और विश्वसनीयता (credibility) को जांचता है।

इस दौरान गवाह के बयान में विरोधाभास निकाला जा सकता है, उसकी याददाश्त पर सवाल उठाए जा सकते हैं, या यह दिखाया जा सकता है कि वह पूरी तरह विश्वसनीय नहीं है।

कई बार पूरा केस एक गवाह की credibility पर निर्भर करता है, और Cross-examination के दौरान ही केस का रुख बदल जाता है।

यह एक तकनीकी और रणनीतिक प्रक्रिया होती है, जिसमें सही सवाल सही समय पर पूछना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

लोग अक्सर फिल्मों की तरह इसे आसान समझते हैं, जबकि वास्तविकता में यह एक कौशल (skill) आधारित प्रक्रिया है।

निष्कर्ष : Cross-examinationकेवल सवाल-जवाब नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रक्रिया है, जो केस के परिणाम को पूरी तरह बदल सकती है।

# पंजाब सरकार श्रद्धालुओं को धार्मिक जगहों पर जाने के लिए फ्री सुविधाएं दे रही है: चेयरमैन जतिंदर सिंह भल्ला

## अलग-अलग जगहों से धार्मिक जगहों के लिए बसें भेजी गईं



बठिंडा/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली राज्य सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के तहत राज्य के आम लोगों को अलग-अलग धार्मिक जगहों पर जाने के लिए फ्री सुविधाएं दे रही है और धार्मिक जगहों पर जाने वाले श्रद्धालुओं के रहने और खाने-पीने वगैरह की फ्री सुविधाएं दी जा रही हैं। ये शब्द नगर ट्रस्ट सुधार के चेयरमैन जतिंदर सिंह भल्ला ने जिले के मलूका गांव से पवित्र शहर अमृतसर के धार्मिक जगहों के दर्शन के लिए बस रवाना करते हुए कहे। जतिंदर सिंह भल्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम के जरिए जहां आम लोगों को पवित्र तीर्थ जगहों पर जाने का सुनहरा मौका मिल रहा है, वहीं उन्हें महान गुरुओं की ऊंची और जीवन देने वाली शिक्षाओं के बारे में भी जानकारी मिल रही है। इसी तरह आज बठिंडा शहरी हलके के बीबी वाला रोड, तलवंडी साबो हलके के चट्ठेवाला गांव, मौड़ हलके के मंडी कलां गांव, भुच्चो मंडी हलके के महिमा सरजा गांव और बठिंडा ग्रामीण हलके के तिउना गांव से भी श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों तक ले जाने के लिए बसें भेजी गईं।

# महिला को बुरी तरह से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल



मोगा/यूटर्न/13 अप्रैल। मोगा में महिला को सरेआम पीटने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना सिटी साउथ के प्रभारी बलजिंदर भुल्लर ने बताया कि इस मामले की कार्रवाई पहले ही हो चुकी है और यह वीडियो पुरानी है। 3 मार्च को नीलम कौर और बलजिंदर सिंह के परिवारों के बीच सीसीटीवी लगाने को लेकर झगड़ा हुआ था। नीलम को पीटने के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों बलजिंदर सिंह, गुरपिंदर सिंह, जसवीर कौर और गुरविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। साथ ही में बलजिंदर सिंह के बयानों पर नीलम कौर और उनके भाई गुरदीप कुमार के खिलाफ भी क्रॉस केस दर्ज किया था। पुलिस ने बलजिंदर सिंह और गुरपिंदर सिंह को गिरफ्तार कर 7 अप्रैल को रिमांड पर लिया। क्रॉस केस में नीलम कौर और उनके भाई को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही में थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो पर यकीन ना करने को कहा है।

# फॉर्च्यून पैनोरा 2026 : रियल एस्टेट एक्सपो ने बनाया नया रिकॉर्ड

## टॉक शो में ग्रीन बिल्डिंग्स और निवेश अवसरों पर पर मंथन, 100 लक्की विजिटरों ने जीती हलवारा से दिल्ली की एयर टिकट







































लुधियाना,/यूटर्न/13 अप्रैल। रियल एस्टेट उद्योग में फॉर्च्यून पैनोरा 2026 - द प्रॉपर्टी फेस्ट ने एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इस भव्य और सुव्यवस्थित प्रदर्शनी की चर्चा अब देशभर के प्रॉपर्टी सेक्टर में हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, पंजाब के रियल एस्टेट क्षेत्र में लंबे समय से ऐसे संगठित और उच्च स्तरीय प्रॉपर्टी शो की कमी थी, जिसे जनहितैषी ग्रुप और यूटर्न टाइम डेली ने सफलतापूर्वक पूरा किया। मंदी के दौर के बावजूद, इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 6,000 से अधिक गुणवत्तापूर्ण विजिटर्स की उपस्थिति ने इसकी सफलता को प्रमाणित किया। शानदार फुटफॉल और प्रभावी आयोजन के चलते यह प्रदर्शनी क्षेत्र की सबसे जीवंत रियल एस्टेट एक्सपो बनकर उभरी।

प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर टॉक शो आयोजित किए गए। 10 अप्रैल को आयोजित सत्र में **Himanshu** खंल्ल सहित कई प्रमुख बुद्धिजीवियों ने भाग लिया और ग्लोबल वार्मिंग व ग्रीन बिल्डिंग्स जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर डीसी हिमांशु जैन ने कहा, 'ग्रीन बिल्डिंग्स केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी हैं। सतत विकास ही भविष्य का आधार है।' वहीं **Vivek Mahajan** ने अपने विचार रखते हुए कहा, 'ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखकर बनाई गई इमारतें ही आने वाले समय में रियल एस्टेट की असली पहचान बनेंगी। कार्बन क्रेडिट का बढ़ता महत्व ग्रीन बिल्डिंग्स को निवेश के दृष्टिकोण से और अधिक आकर्षक बना रहा है।'

टॉक शो के सरप्राइज स्पीकर **Hemant Sood** ने कहा, 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर न केवल पर्यावरण को बचाता है, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी प्रदान करता है।' प्रदर्शनी के दौरान आयोजकों ने हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने की खुशी में 100 लक्की विजिटर्स के लिए हलवारा से दिल्ली हवाई यात्रा टिकटों के ड्रा की घोषणा की। लक्की ड्रा की शुरूआत डीसी हिमांशु जैन ने की, जिसमें उन्होंने पहले 21 विजेताओं के नाम निकाले, जबकि हेमंत सूद ने 11 विजेताओं की घोषणा की।

इस दौरान **CREDAI** लुधियाना के चेयरमैन मोहिंदर गोयल, एम्मार इंडिया से गौरव दत्ता, जसनप्रीत चावला (सोलिटेयर होम्स), वेस्टर्न लिविंग से हिमांशु क्वात्रा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रदर्शनी में पहुंचे बुद्धिजीवियों और विजिटर्स ने इस आयोजन को बेहद सराहा।

# पंजाब विधानसभा में पास हुआ बेअदबी पर देश का सबसे सख्त कानून, 25 लाख जुर्माने से लेकर उम्रकैद तक की होगी सजा



पंजाब/यूटर्न/13 अप्रैल।पंजाब विधानसभा के सत्र में बेअदबी की घटनाओं को रोकने के लिए अहम और ऐतिहासिक विधेयक सदन में पास कर दिया गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस बिल को विधानसभा में पेश किया। जिसके बाद इसे लेकर बहस भी शुरू हुई। सीएम ने शुरूआत में ही विपक्ष से अपील की कि वह वॉक आउट न करे और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा में भाग ले। बिल पेश होने के बाद सदन में इस पर विचार-विमर्श शुरू हुआ। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में बेअदबी विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि अब तक 80 से 90 प्रतिशत मामलों में आरोपियों को मानसिक रूप से बीमार बताकर मामला कमजोर कर दिया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए विधेयक में इस पहलू को ध्यान में रखते हुए प्रावधान किया गया है और ऐसे मामलों में आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच करवाई जाएगी।

**उम्रकैद का मतलब है अंतिम समय तक जेल में रहना...**मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कानून में 'उम्रकैद' का मतलब सिर्फ कुछ साल की सजा नहीं, बल्कि दोषी के जीवन के अंतिम समय तक जेल में रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में कस्टोडियन की भी स्पष्ट परिभाषा दी जाएगी, ताकि जिम्मेदारी तय हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक राज्य का विधेयक है, इसलिए इसे राष्ट्रपति के पास भेजने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि राज्यपाल से इस बिल को मंजूरी दिलवाना सरकार और विपक्ष दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है, और इसके लिए सभी दल एक साथ प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने सदन में यह भरोसा भी दिया कि यह बिल बार-बार विधानसभा में लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

**कांग्रेस ने किया समर्थन...**प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि उनकी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है, लेकिन उनकी मांग है कि इस मामले की जांच के लिए बनी कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जाए। उन्होंने कहा कि कमेटी ने अलग-अलग वर्गों के लोगों से बातचीत की है, इसलिए उसकी पूरी रिपोर्ट सामने आनी चाहिए। इस पर स्पीकर ने जवाब देते हुए कहा कि कमेटी अपना काम कर रही है और वह अपनी रिपोर्ट जल्द ही सदन में पेश करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नकोदर कांड की जांच भी यही कमेटी करेगी।

# आप 4 बार आरएसएस से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल हुए: अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में जज को किया तीखा सवाल

चंडीगढ़/यूटर्न/13 अप्रैल। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा, आरएसएस से जुड़े वकीलों के संगठन अधिवक्ता परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में चार बार शामिल हुई। उन्होंने कहा कि वह बीजेपी-आरएसएस की विचारधारा के विरोधी हैं और दिल्ली शराब नीति मामले को राजनीतिक बताया। केजरीवाल ने मांग की है कि जस्टिस शर्मा को शराब नीति मामले से जुड़ी सीबीआई की याचिका की सुनवाई से हटा दिया जाए। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें इस बात की गंभीर, वास्तविक और उचित आशंका है कि उनके सामने इस मामले की सुनवाई निष्पक्ष और तटस्थ नहीं होगी।

## ईडी व सीबीआई के तर्कों को किया स्वीकार

दिल्ली शराब नीति मामले पर, आप प्रमुख ने दावा किया कि हाई कोर्ट ने ईडी और सीबीआई के तर्कों को काफी हद तक स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, ईडी और सीबीआई की हर प्रार्थना (मांग) एक फैसले में बदल गई है, सिवाय एक मामले के। केजरीवाल ने दलील दी कि वह एक आरोपी के तौर पर पेश नहीं हो रहे हैं, और कहा, मैं आज यहाँ एक आरोपी के तौर पर खड़ा नहीं हूँ। मुझे पहले ही बरी किया जा चुका है।



## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का दिया हवाला

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का हवाला देते हुए, उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि एक काम कर रहे लोकतंत्र में, धारणा मायने रखती है। उन्होंने सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता बताने वाली पिछली टिप्पणियों का भी हवाला दिया और तर्क दिया कि जांच एजेंसियों को अपनी स्वतंत्रता बनाए रखनी चाहिए और पूर्वाग्रह की धारणा को दूर करना चाहिए। उन्होंने आगे दावा किया कि कोर्ट ने खुद यह टिप्पणी की थी कि सीबीआई राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रभावित है।

## केजरीवाल ने किए सवाल

केजरीवाल ने कोर्ट में पेश होने पर कहा कि वकीलों का एक संगठन है, अधिवक्ता परिषद। यह बीजेपी और आरएसएस का वैचारिक संगठन है। आपकी (जज की) गरिमा इस संगठन के कार्यक्रमों में चार बार शामिल हुई है। जिस विचारधारा को ये लोग मानते हैं, हम उसका कड़ा विरोध करते हैं और हम खुले तौर पर इसका विरोध करते हैं। यह मामला राजनीतिक है। केजरीवाल ने अपनी दलील में राजनीतिक पूर्वाग्रह का आरोप लगाया और न्यायिक धारणा को लेकर चिंता जताई; उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी विशेष विचारधारा से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होने से उनके मामले में निष्पक्षता पर असर पड़ सकता है।

## क्या मुझे न्याय मिलेगा ?

केजरीवाल ने तर्क दिया कि यदि कोई जज किसी विशेष विचारधारा से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल हुआ है, तो विरोधी विचारधारा से जुड़े किसी आरोपी को यह उचित आशंका हो सकती है कि उसे न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने सवाल पूछा, यदि मैं विरोधी विचारधारा से आता हूँ, तो क्या मुझे न्याय मिलेगा? उन्होंने विपक्षी नेताओं से जुड़े मामलों की सुनवाई में चुनिंदा तत्परता का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केवल केंद्र सरकार के राजनीतिक विरोधियों से जुड़े मामलों को ही तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, और सुनवाई तथा फाइलिंग में अनावश्यक जल्दबाजी की जा रही है।

## पिछली कार्रवाई का किया ज़िक्र

उन्होंने पिछली कार्यवाहियों का ज़िक्र किया, जिसमें 9 मार्च का आदेश भी शामिल था, और आरोप लगाया कि यह आदेश सीबीआई की मौजूदगी में एक संक्षिप्त सुनवाई के बाद पारित किया गया था। उन्होंने कहा, एकतरफा, किसी की बात सुने बिना, किसी का जवाब लिए बिना। इस अदालत ने एक आदेश पारित करते हुए कहा कि, प्रथम दृष्टया, यह आदेश त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि निचली अदालत ने हजारों पन्नों की जाँच की थी, लेकिन एक छोटी सी सुनवाई के बाद उसके आदेश को पलट दिया गया। केजरीवाल ने आगे कहा कि सीबीआई का मामला मुख्य रूप से गवाहों के बयानों पर आधारित था, और दलील दी कि उनसे पूछताछ करना, प्रभावी रूप से निचली अदालत के आदेश को कमजोर करता है।

## दलीलों के बाद केजरीवाल ने मांगी अनुमति

अपनी दलीलें पूरी करने के बाद केजरीवाल ने अदालत से जाने की अनुमति माँगी। न्यायाधीश ने उनकी दलीलों की सराहना करते हुए टिप्पणी की, आपने बहुत अच्छी दलीलें दीं। आप तो वकील भी बन सकते हैं। मुस्कुराते हुए जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा, धन्यवाद, मैम। मैं अभी जो काम कर रहा हूँ, उससे खुश हूँ। 6 अप्रैल की सुनवाई के दौरान, सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए इसे बेबुनियाद बताया। सीबीआई ने भी इस याचिका के खिलाफ औपचारिक जवाब दाखिल किया था।

## श्री राम ग्लोबल स्कूल में मनाया गया बैसाखी उत्सव

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। श्री राम ग्लोबल स्कूल में बैसाखी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी सजावट, हर्षोल्लास से भरी हंसी, और भांगड़ा तथा गिद्धा की मधुर धुनों ने एक जीवंत वातावरण बना दिया। विद्यार्थियों ने इस फसल उत्सव की भावना को पूरे उत्साह के साथ अपनाया।



सुविचारित सभाओं और प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने न केवल इस पर्व का उत्सव मनाया, बल्कि इसके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी समझा। इस दौरान प्रिंसिपल ने कहा कि श्री राम में, हम शिक्षा के साथ-साथ मूल्यों के पोषण में गहरा विश्वास रखते हैं। इस प्रकार के उत्सव हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं, जिसके माध्यम से हम परंपराओं के प्रति सम्मान, एकता की भावना, और अपने विद्यार्थियों में सशक्त पहचान का निर्माण करते हैं। यह देखकर अत्यंत संतोष होता है कि हमारे बच्चे अपनी जड़ों से जुड़ते हुए आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से जागरूक नागरिक बन रहे हैं।

## चेरब्स प्रीस्कूल में बैसाखी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। चेरब्स प्रीस्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को खेतों में ले जाकर उन्हें पंजाब की समृद्ध संस्कृति और बैसाखी के महत्व से अवगत कराया गया। रंग-बिरंगे पंजाबी परिधानों में सजे बच्चे बेहद आकर्षक लग रहे थे। पारंपरिक गीतों और संगीत की धुन पर बच्चों ने पूरे जोश और खुशी के साथ नृत्य किया, जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने न केवल आनंद लिया, बल्कि सीखने के साथ-साथ अपनी परंपराओं को भी करीब से समझा। अंत में बच्चों को बैसाखी से जुड़े पारंपरिक खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई।



# निगम कमिश्नर ने सफाई-कचरे की नियमित उठान सुनिश्चित करने को दिए सख्त निर्देश

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए कचरा प्रबंधन पर सख्ती से काम करते हुए नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने सोमवार को सराभा नगर स्थित नगर निगम जोन डी कार्यालय में हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ बैठक की। शहर भर में सफाई सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को स्टैटिक कम्पेक्टर साइट्स के सही संचालन और शहर से कचरे की नियमित उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मीटिंग में संयुक्त कमिश्नर विनीत कुमार, जोनल कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपुल मल्होत्रा, सीएसओ अश्विनी सहोता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा अधिकारियों को शहर के बाजारों, सार्वजनिक शौचालयों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि संयुक्त कमिश्नरों और जोनल कमिश्नरों सहित वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं और आने वाले समय में जमीनी स्तर पर स्थिति का जायजा लेने के लिए निरीक्षण भी किए जाएंगे। अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए नगर निगम कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने निवासियों से विभिन्न कचरा प्रबंधन तकनीकों को अपनाने की भी अपील की, जिसमें कचरा कम करना, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण करना (आरआरआर), घरेलू खाद बनाना आदि शामिल हैं।



# वृंदावन नाव हादसे के शिकार ऋषभ शर्मा का अंतिम संस्कार: गमगीन आंखों से विदाई देने उमड़ा पूरा जगरांव

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अप्रैल। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में यमुना नदी में हुए दर्दनाक नाव हादसे ने जगरांव शहर को एक ऐसा गहरा जख्म दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दिल दहला देने वाली घटना में अपनी जान गंवाने वाले होनहार युवक ऋषभ शर्मा का आज स्थानीय शेरपुरा रोड स्थित श्मशान घाट में नम आंखों के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।



## हृदय विदारक रहा विदाई का दृश्य

जब जवान बेटे की पार्थिव देह घर पहुँची, तो पूरे इलाके में मातम छा गया। अंतिम संस्कार के समय जब परिजनों ने ऋषभ की चिता को मुखाग्नि दी, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें भर आई और पूरा माहौल चीखों और सिसकियों से गूंज उठा। एक हंसते-खेलते परिवार के चिराग का इस तरह असमय बुझ जाना हर किसी को झकझोर गया।

## शहर की हर आंख नम

इस असीम दुख की घड़ी में भारी संख्या में शहरवासी, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के नेता पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि ऋषभ का जाना न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## प्रशासन से सुरक्षा की मांग

श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही शहर के विभिन्न प्रतिनिधियों ने सरकार और प्रशासन के प्रति अपना रोष और चिंता भी व्यक्त की।

**उन्होंने मांग की कि :** धार्मिक स्थलों और पर्यटन केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं। नाव संचालकों के लिए सख्त नियम बनाए जाएं ताकि भविष्य में कोई और परिवार इस तरह अपना लाल न खोए। हादसे की गहराई से जांच हो और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाए। 'ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।'

# मथुरा नाव हादसा: जगरांव में पसरा मातम, सांत्वना देने पहुंचे अकाली दल के दिग्गज; बोले- 'यह अपूर्णीय क्षति'

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अप्रैल। मथुरा के वृंदावन में हुए भीषण नाव हादसे ने पूरे पंजाब, विशेषकर जगरांव इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों का हाल जानने और दुख साझा करने के लिए आज शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता महेशइंदर सिंह ग्रेवाल और पूर्व सांसद शरणजीत सिंह ढिल्लों जगराओव पहुंचे।



## शोक संतप्त परिवारों को बंधाया ढांढस

अकाली नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और इस असहनीय दुख की घड़ी में उन्हें हौसला दिया। उनके साथ पूर्व विधायक एस.आर. कलेर और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) के सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल भी मौजूद थे।

## नेताओं ने कहा- 'शब्दों में बयां नहीं हो सकता दर्द'

परिजनों से बातचीत करते हुए महेशइंदर सिंह ग्रेवाल और शरणजीत सिंह ढिल्लों ने कहा: ¥यह एक बेहद दर्दनाक और बड़ी त्रासदी है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। हम परमात्मा से अरदास करते हैं कि बिछड़ी हुई रूहों को अपने चरणों में स्थान दें और पीछे रह गए परिवारों को इस भारी दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## पूरा इलाका गमगीन, नेताओं ने दिया साथ का भरोसा

जगरांव के इन परिवारों पर टूटे दुखों के पहाड़ को देखकर हर आंख नम थी। अकाली दल के नेताओं ने विश्वास दिलाया कि वे हर मोड़ पर पीड़ितों के साथ खड़े हैं और उनकी हरसंभव मदद की जाएगी।

- शोक व्यक्त करने पहुंचे जत्थे में प्रमुख रूप से शामिल थे:
- महेशइंदर सिंह ग्रेवाल (वरिष्ठ नेता, शिअद)
- शरणजीत सिंह ढिल्लों (पूर्व सांसद)
- एस.आर कलेर (पूर्व विधायक)
- भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल (SGPC सदस्य)
- दविंदरजीत सिंह सिद्धू,
- चरनजीत सिंह (सर्कल प्रधान)
- दीपइंदर सिंह भंडारी (वरिष्ठ अकाली नेता)
- संदीप सिंह मल्हा (वरिष्ठ युवा नेता)
- गुरिंदर सिंह रूमी हाजिर रहे।

# फैशन लवर्स ने लिया फैशन लाइफस्टाइल शो में हिस्सा

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। लुधियाना में दि रॉयल सागा की ओर से दो दिवसीय फैशन लाइफस्टाइल शो का आयोजन श्रुति सिंगल और काव्या धीर द्वारा किया गया। फैशन इन्फ्लूएंसर खुशबू जिंदल ने इसको मैनेज किया। इस फैशन लाइफस्टाइल शो में फैशन के नए-नए ट्रेंड्स देखने को मिले। डिजाइनर कपड़े, ज्वैलरी, होम डैकोर जैसी कई चीजें देखने को मिली। शहर के प्रमुख ब्लॉगर्स, फैशन इन्फ्लूएंसर्ज, मेकअप आर्टिस्ट, डिजाइनर्स आदि ने इसमें हिस्सा लिया।खास तौर पर फिक्की फ्लो मेंबर्स ने भी हिस्सा लिया।



# सीड सर्टिफिकेशन अधिकारी को 50,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया काबू



अशोक सहगल

चंडीगढ़/ लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब स्टेट सीड सर्टिफिकेशन अथॉरिटी, लुधियाना में तैनात सीड सर्टिफिकेशन अधिकारी अमृतपाल सिंह को 50,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आज यहां राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को जिला मानसा के वार्ड नंबर 10 के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता एक बीज उत्पादक है, जो मानसा में मैसर्स पंजाब एग्री सीड फार्म चलाता है। उसकी फर्म पंजाब या राज्य के बाहर की कृषि विश्वविद्यालयों से ब्रीडर बीज (प्रथम श्रेणी के बीज) प्राप्त करती है और खरीदी गई फसलों से बीज तैयार करती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी फर्म ने विभिन्न विश्वविद्यालयों और फाउंडेशन सीड स्त्रोतों के माध्यम से लगभग 510 हेक्टेयर (1275 एकड़) भूमि में गेहूं के बीज बोए थे। इस फसल की जांच की जिम्मेदारी आरोपी अमृतपाल सिंह, सीड सर्टिफिकेशन अधिकारी की थी। इस संबंध में आरोपी लगभग 10 दिन पहले बोई गई फसल के निरीक्षण के लिए फार्म पर आया था और फसल वाले खेत दिखाने के लिए कहा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने निरीक्षण रिपोर्ट को फसल के पक्ष में बनाने के बदले 200 रुपये प्रति हेक्टेयर (510200 = 1,02,000 रुपये) रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने के दौरान हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया था। चूंकि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो रेंज बठिंडा से संपर्क किया। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी सीड सर्टिफिकेशन अधिकारी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना बठिंडा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# पंचकूला में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, अवैध रिफिलिंग से बढ़ा बड़ा खतरा

कुलदीप सैनी



पंचकूला/यूटर्न/13 अप्रैल। घरेलू गैस सिलेंडरों की आड़ में कालाबाजारी का बड़ा खेल सामने आया है। शहर के विभिन्न इलाकों में कमर्शियल सिलेंडरों के नाम पर अवैध गैस सप्लाई और रिफिलिंग का धंधा खुलेआम चल रहा है, जिससे न केवल नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा भी गंभीर खतरे में पड़ गई है। सूत्रों के अनुसार, अभेपुर क्षेत्र में एक महिला द्वारा बड़े घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरकर ₹400 से ₹500 प्रति किलो तक बेची जा रही है। यह गतिविधि पूरी तरह अवैध होने के साथ-साथ अत्यंत जोखिम भरी भी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक ओर जहां आम जनता रसोई गैस की बढ़ती कीमतों से परेशान है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की कालाबाजारी बिना किसी रोक-टोक के जारी है। लोगों ने सवाल उठाया है कि इन अवैध कारोबारियों को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति कौन कर रहा है और किनकी मिलीभगत से यह नेटवर्क संचालित हो रहा है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों को ऊंचे दामों पर गैस सिलेंडर बेचे जा रहे हैं।

# एसी फीस पर बवाल: पेरेंट्स के विरोध के बाद स्कूल ने फैसला लिया वापस

## 400 रुपये मासिक चार्ज पर हंगामा, डेराबस्सी के निजी स्कूल को झुकना पड़ा



डेराबस्सी/यूटर्न/13 अप्रैल। डेराबस्सी के एटीएस वैली स्कूल में क्लासरूम को फुली एयरकंडिशंड बनाने के नाम पर प्रति छात्र 400 रुपये मासिक फीस लगाए जाने के विरोध में सोमवार को पेरेंट्स ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बढ़ते विरोध के बीच स्कूल प्रबंधन ने फिलहाल यह फैसला वापस ले लिया है।

स्कूल पहुंचे पेरेंट्स ने आरोप लगाया कि ह्वटेम्परेचर कंट्रोल्ड क्लासरूमह्व के नाम पर अतिरिक्त फीस थोप दी गई है, जो एक बार नहीं बल्कि लंबे समय तक जारी रहेगी। उनका कहना था कि एसी और नॉन-एसी क्लासरूम की अलग व्यवस्था से बच्चों में हीन भावना पैदा हो सकती है। पेरेंट्स के अनुसार स्कूल में करीब 900 छात्र पढ़ते हैं और 400 रुपये प्रति माह के हिसाब से यह राशि काफी अधिक बनती है। उन्होंने इसे अनावश्यक आर्थिक बोझ बताया। वहीं, स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस संबंध में पहले ही सर्कुलर जारी कर पेरेंट्स से सहमति ली गई थी और करीब 81 प्रतिशत पेरेंट्स ने एसी क्लासरूम के पक्ष में कंसेंट दी थी। स्कूल डायरेक्टर जयअमरदीप सिंह और प्रिंसिपल नीना पांडेय के मुताबिक, स्कूल के लगभग 50 कमरों में ऑल-सीजन एसी लगाए गए हैं और 400 रुपये केवल उनकी रनिंग कॉस्ट के लिए तय किए गए थे। हालांकि, कुछ पेरेंट्स के विरोध और विवाद से बचने के लिए स्कूल प्रबंधन ने फिलहाल इस योजना को स्थगित कर दिया है। साथ ही, जिन पेरेंट्स ने अतिरिक्त फीस जमा करवा दी है, उन्हें राशि वापस करने का भरोसा भी दिया गया है।

# ककराली में अवैध खनन पर छापा, माफिया की तेज रफ्तार से गांव में मची अफरा-तफरी



डेराबस्सी/यूटर्न/13 अप्रैल। डेराबस्सी के गांव ककराली में अवैध खनन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। घग्गर नदी में हो रहे खनन की सूचना पर हरियाणा की टीम ने बीती रात छापेमारी की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। छापेमारी के दौरान खनन माफिया से जुड़े लोग अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को तेज रफ्तार में गांव की तंग गलियों से निकालकर ले गए। इस दौरान किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि पंजाब और हरियाणा की सीमा पर स्थित घग्गर नदी में दोनों राज्यों के खनन गिरोहों के बीच आपसी रंजिश भी सामने आ रही है। आरोप है कि एक पक्ष द्वारा खनन किए जाने पर दूसरा पक्ष प्रशासन को सूचना दे देता है, जिससे क्षेत्र में लगातार तनाव का माहौल बना रहता है। जानकारी के अनुसार, ककराली गांव अवैध खनन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो ने इस मुद्दे को और हवा दी है, हालांकि खनन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वीडियो पुरानी भी हो सकती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, क्योंकि कुछ समय बाद ही खनन दोबारा शुरू हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से अवैध खनन पर स्थायी रोक लगाने की मांग की है।

**विभाग का पक्ष:** खनन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। बीती रात भी टीम ने घग्गर नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया और अब सख्त निर्देश जारी किए गए हैं ताकि अवैध खनन में शामिल लोगों को मौके पर ही पकड़ा जा सके।

# टैरो कार्ड रीडर अर्पणा पायल ने बनाई एक अलग पहचान



दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। टैरो कार्ड रीडर और लाइफ एंड रिलेशनशिप कोच अर्पणा पायल ने कार्ड रीडिंग के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना रखी है और टैरो कार्ड रीडर के तौर पर उनकी अपनी ही लोकप्रियता है। शहर की इस प्रख्यात टैरो कार्ड रीडर ने बताया कि टैरो कार्ड रीडिंग कार्ड्स की एक स्टडी होती है, जिससे किसी के भविष्य को देखा जा सकता है। जिसमें कार्ड और ध्यान के माध्यम से स्टीक रिजल्ट निकाले जा सकते हैं।

### इसके लिए की स्टडी

पायल ने बताया कि कार्ड रीडर बनने के लिए उन्होंने काफी स्टडी की। उन्होंने दिल्ली और अब्रोड से इसकी स्टडी की। इसके साथ साथ कई तरह की हीलिंग भी हासिल की। जनम कुंडली अध्ययन और कार्ड रीडिंग के अंतर पर उन्होंने कहा कि दोनों में फर्क तो है मगर अपने अपने ज्ञान और साधना पर निर्भर करता है कि कैसे स्टीक रिजल्ट निकाले जाएं। इस लिए दोनों ही अपनी अपनी जगह सही हैं।

### साधना से 2001 से हैं जुड़ी

उन्होंने बताया कि वह 2001 से साधना क्षेत्र के साथ जुड़ी हुई हैं और वह जो भी बताती हैं वह साधना और कार्ड रीडिंग का मिश्रण होता है। ताकि बिल्कुल सटीक परिणाम तक पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि वह ऐसी एनर्जी के साथ जुड़ी हैं जिससे लोगों का भला किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों में स्ट्रैस बहुत है और वह अपनी तकनीक से इस स्ट्रैस को कंट्रोल करने की बात कहती हैं। कई सिंगर्स, पॉलिटिशियन और बिजनेसमैन उनके पास टैरो कार्ड रीडिंग के लिए आते हैं।

# नीमा का 79वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



लुधियाना/यूटर्न/13 अप्रैल। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने अपना 79वां स्थापना दिवस 'स्वास्थ्य दिवस' के रूप में श्रद्धा, उत्साह और सेवा भाव से मनाया। इस अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने और जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया।अध्यक्ष डॉ. राजेश थापर, सचिव डॉ. नीरज अग्रवाल सहित पदाधिकारियों ने बताया कि नीमा एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो इंटीग्रेटेड डॉक्टरों के अधिकारों की रक्षा करती है और देशभर में इसकी शाखाएं हैं।स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ कर भगवान धन्वंतरि को नमन किया गया। साथ ही विभिन्न क्लीनिकों में फ्री ब्लड प्रेशर और शुगर जांच कैंप लगाए गए तथा निशुल्क परामर्श दिया गया। डॉक्टरों ने कहा कि बढ़ती लाइफस्टाइल बीमारियों को देखते हुए नियमित जांच, संतुलित आहार और योग-व्यायाम बेहद जरूरी हैं। अंत में हेल्दी सिटीजन ह्व स्ट्रांग नेशन का संदेश देते हुए सभी से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई।

# संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियनों की बैठक, संघर्ष तेज करने को 12 सदस्यीय कमेटी गठित

## 21 अप्रैल को विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के आवास का घेराव, बड़े प्रदर्शन की तैयारी



डेराबस्सी/यूटर्न/13 अप्रैल। सुखमनी स्कूल से निकाले गए कर्मचारियों की बहाली को लेकर चल रहे धरने के बीच आज संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न ट्रेड यूनियनों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रबंधन के कड़े रुख के खिलाफ संघर्ष को और तेज व निर्णायक बनाने का फैसला लिया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से 12 सदस्यीय 'सुखमनी संघर्ष कमेटी' का गठन किया गया। तय किया गया कि अब आंदोलन की रूपरेखा तय करने, फैसले लेने और प्रबंधन से बातचीत करने के सभी अधिकार इसी कमेटी के पास होंगे। नेताओं ने एलान किया कि 21 अप्रैल को हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के आवास का जोरदार घेराव किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और यूनियन सदस्य अपने परिवारों सहित शामिल होंगे। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री पंजाब के नाम मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। बैठक में मनप्रीत सिंह (बीकेयू लखोवाल), करम सिंह, विनोद चुघ (एटक), जगतार सिंह, रणजीत सिंह राणा, हरनाम सिंह, रजिंदर सिंह, एकम सिद्धू, रुस्तम शेख, लखविंदर सिंह हैप्पी, सुरिंदर सिंह जड़ौत, कमलजीत सिंह, बलजीत सिंह और जोगा सिंह सहित कई संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Uturn Time 14 Apr 2026_Layout 2 13-04-2026 23:40 Page 11



# इंडस अस्पताल में इलाज बना जानलेवा? युवक की मौत पर परिजनों का हंगामा

डेराबस्सी/यूटर्न/13 अप्रैल। अंबाला रोड पर स्थित इंडस अस्पताल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। 4 अप्रैल को सीने में हल्के दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराए गए 35 वर्षीय दीपक की 13 अप्रैल को मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई है, जो डेराबस्सी की जीबीपी सोसाइटी का निवासी था और स्पेयर पार्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करता था। परिजनों के अनुसार, दीपक 4 अप्रैल को हल्का दर्द होने पर खुद गाड़ी चलाकर इंडस अस्पताल पहुंचा था, जहां डॉक्टरों ने उसके दिल में स्टेंट डाला। परिवार का आरोप है कि स्टेंट डालने के बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। बाद में डॉक्टरों ने दिमाग में ब्लॉकेज होने की बात कहकर उसका ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद दीपक को होश नहीं आया और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया।






**13 अप्रैल शाम करीब 5 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया...** मृतक के परिवार—पत्नी, भाई और पिता—ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ही दीपक की मौत हुई। उनका कहना है कि बिना पूरी जानकारी के दिमाग का ऑपरेशन किया गया और मरीज को कृत्रिम रूप से वेंटिलेटर पर रखकर परिवार से लाखों रुपये वसूले गए। परिजनों ने डॉक्टर राजेश कुमार और डॉक्टर नरेश बंसल को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि इससे पहले अप्रैल 2023 में भी इसी अस्पताल पर किडनी रिप्लेसमेंट के नाम पर लाखों रुपये की हेराफेरी के गंभीर आरोप लग चुके हैं।

**क्या कहना है डेराबस्सी के एसएचओ का...** इस संबंध में डेराबस्सी के एसएचओ इंस्पेक्टर सुमित मोर ने बताया कि परिवार की शिकायत मिल गई है। शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए सिविल सर्जन मोहाली द्वारा विशेषज्ञों का पैनल बनाया जाएगा और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहना है इंडस अस्पताल के डॉक्टर का

दीपक हमारे पास गंभीर स्थिति में आए थे, जिसके चलते रिपोर्ट के आधार पर उनका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान दिमाग में क्लॉट का पता चला। हमने पहले ही परिजनों को जोखिम की जानकारी दे दी थी और उनके सभी कंसेंट हमारे पास मौजूद हैं। हमें उनकी मृत्यु का गहरा दुख है, और उन्हें बचाने के लिए हमने हर संभव प्रयास किया।

डॉ. विनीश नरूला, इंडस अस्पताल, डेराबस्सी

## जालंधर की रबर फैक्ट्री में लगी आग, शार्ट सर्किट की आशंका

जालंधर/यूटर्न/13 अप्रैल। जालंधर के इंडस्ट्री एरिया में देर रात अनमोल रबर फैक्ट्री में आग लग गई। हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आग से ज्यादा मात्रा में सामान जल गया। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। लेकिन कहा जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। कर्मचारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना रात करीब 2 बजे हुई है, उस वक्त फैक्ट्री में कुछ ही कर्मचारी मौजूद थे। आग लगने कि वजह से काफी टायरों का नुक्सान हो गया है। आग की लपटे देखकर फायर ब्रिगेड को सुचना दी गयी और फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुँच के आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड के अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही वह 3 गाड़ियां लेकर घटना स्थल पर पहुँच गए और करीब साढ़े तीन बजे तक आग पर काबू पाया गया।



## अमृतसर ग्रेनेड हमले में आईएसआई समर्थित मॉड्यूल का पदार्फाश, दो पिस्तौल समेत 6 गिरफ्तार

अमृतसर/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब में सुरक्षा एजेंसियों ने जिला अमृतसर ग्रामीण पुलिस और जिला फरीदकोट पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में थाना भिंडी सैदा पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले को सुलझा लिया है। इस कार्रवाई में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से दो पिस्तौल और अन्य महत्वपूर्ण सबूत भी बरामद किए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि यह पूरा मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित खुफिया एजेंसी आईएसआई से समर्थित था और विदेश में बैठे एक हैंडलर के संपर्क में रहकर काम कर रहा था। जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान आधारित हैंडलर के निदेर्शों पर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे, जो उन्हें विदेश से ही दिशा-निर्देश दे रहा था।



**पुलिस ठिकानों पर करना था हमला...** यह मॉड्यूल पंजाब में पुलिस ठिकानों को निशाना बनाने की योजना पर काम कर रहा था। 29 और 30 मार्च 2026 की मध्यरात्रि के दौरान आरोपियों ने हथगोले प्राप्त किए, इलाके की रेकी की और फिर थाना भिंडी सैदा पर हमला किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बलजीत सिंह, प्रभ सिंह, राजवीर सिंह, साहिल सिंह, सुखदीप सिंह और अजयदीप सिंह के रूप में हुई है।

## डॉ. हरप्रीतपाल कौर ने बठिंडा के चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर का चार्ज संभाला

सोनू (टुटेजा)

बठिंडा/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब सरकार के आदेश के मुताबिक, डॉ. हरप्रीतपाल कौर ने जिला बठिंडा के चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर का चार्ज संभाल लिया है। चार्ज संभालने पर ऑफिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इससे पहले, वह जिला फाजिल्का में चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर के तौर पर काम कर रही थीं। डॉ. हरप्रीतपाल कौर ने चार्ज संभालते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी, लगन और भरोसे के साथ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की स्कीमों को अच्छे से लागू करना और किसानों को फायदा पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी स्टाफ को डायरेक्टर एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर डिपार्टमेंट पंजाब डॉ. गुरजीत सिंह बराड़ की गाइडलाइंस के मुताबिक सरकारी स्कीमों को गांव लेवल तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसानों को खेती की मॉडर्न तकनीकों और सरकारी सुविधाओं के बारे में समय पर जानकारी मिलना बहुत जरूरी है। साथ ही, उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसलों के बारे में सही और पूरी जानकारी के लिए पास के ब्लॉक ऑफिस के संपर्क में रहें। उन्होंने कहा कि गांव लेवल के अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क बनाए रखने से किसानों को अच्छी सलाह और मदद मिल सकती है, जिससे खेती-बाड़ी का क्षेत्र और मजबूत होगा।



## वृंदावन नाव हादसा: SDM ऋतु सिरोही लंबी छुट्टी पर गईं, नवविवाहिता युवती और युवक की लाश मिली

### छह महीने पहले हुई थी युवती की शादी

पंजाब/यूटर्न/13 अप्रैल। वृंदावन में नाव हादसे के बाद सोमवार को एसडीएम मांट ऋतु सिरोही लंबी छुट्टी पर चली गईं। उनकी जगह दीपिका मेहर को नया एसडीएम लगाया है। हादसे के बाद प्रशासनिक लापरवाही को लेकर ऋतु सिरोही पर कई सवाल उठ रहे थे। हालांकि, जिलाधिकारी का कहना है कि ऋतु सिरोही निजी कारणों से छुट्टी पर गई हैं। इसका हादसे से कोई लेना-देना नहीं। वहीं, हादसे के बाद चौथे दिन भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सुबह 8 बजे यमुना नदी में 2 लाशें मिलीं। हादसे वाली जगह से 12 किलोमीटर दूर बंगाली घाट से एक महिला और देवरा बाबा आश्रम के पास से एक युवक की लाश मिली। प्रशासन के मुताबिक, शव फूलकर नदी के ऊपर आ गए थे। परिजनों ने दोनों की पहचान की। महिला की पहचान लुधियाना के दुगरी की रहने वाली मोनिका टंडन के रूप में हुई। वहीं, युवक की पहचान लुधियाना के रहने वाले यश भल्ला (22) के रूप में हुई है। यश पहली बार वृंदावन आए थे। बांके बिहारी ग्रुप के साथ जुड़े थे। धार्मिक संकीर्तन में ढोलक बजाते थे। नाव डूबने से पहले का जो वीडियो सामने आया था, उसमें यश ढोलक बजाते दिखाई दे रहे थे। यश के बड़े भाई अकाउंटेंट है। मां सुनीता हाउस वाइफ हैं। पिता रेहड़ी-फड्डी लगाकर कपड़े बेचते है।


मृतक यश


मृतक मोनिका

### पति के पास जाना था विदेश

जानकारी के अनुसार मोनिका टंडन धार्मिक स्थल पर अपनी सास सविता के साथ आई थी। उसकी 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। पति विदेश में हैं। मोनिका भी जल्द ही विदेश जाने वाली थी। हादसे के दिन मोनिका नाव में पड़ोसी महिला डिंकी के साथ बैठी थी। डिंकी लाश 12 अप्रैल को मिली थी।

Kirti Suresh



Uturn Time 14 Apr 2026_Layout 2 13-04-2026 23:40 Page 12



# वृंदावन नाव हादसा: शाही इमाम ने जगरांव पहुंच

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/अप्रैल। उत्तर प्रदेश के वृंदावन नाव हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के शोक संतप्त परिवारों के साथ संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए आज शाही इमाम पंजाब, मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी विशेष रूप से जगरांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख बांटा और स्पष्ट किया कि इस कठिन समय में पूरा मुस्लिम भाईचारा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।



**प्रशासन की घोर लापरवाही का परिणाम है यह हादसा...**मीडिया से बातचीत करते हुए शाही इमाम लुधियानवी ने कहा कि यह हादसा टाला जा सकता था। पीड़ित परिवारों से बातचीत के बाद यह साफ हो गया है कि यह दुर्घटना सुरक्षा प्रबंधों की भारी कमी के कारण हुई है। इसके लिए वहां के डिप्टी कमिश्नर और संबंधित नहरी विभाग पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, ॱयह प्रशासन की बहुत बड़ी अनदेखी है कि श्रद्धालुओं को लाइफ जैकेट नहीं पहनाई गई। अगर उन्हें लाइफ जैकेट दी गई होती, तो पानी के नीचे कीचड़ (गारे) में फंसकर जान गंवाने वाले कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती थी।

भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी धार्मिक स्थल पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों ताकि ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**2 लाख नाकाफी, तीनों सरकारें दें 50-50 लाख का मुआवजा...**शाही इमाम ने कहा कि जो लोग दुनिया से चले गए, उन्हें वापस तो नहीं लाया जा सकता, लेकिन उनके पीछे रह गए परिवारों की आर्थिक सुरक्षा बेहद जरूरी है। इस मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और पंजाब सरकार— तीनों की सीधी जिम्मेदारी बनती है।

उन्होंने सरकारों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा, ॱइतने बड़े दुख के बाद व्यापार को दोबारा सेटल करना या परिवार को संभालना एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में केंद्र सरकार का सिर्फ 2 लाख रुपये देने की बात कहना और यूपी व पंजाब सरकार का चुप रहना निराशाजनक है। कई परिवार इस हादसे में बिल्कुल खाली हो गए हैं और उनके पीछे छोटे बच्चे हैं। मैं समझता हूं कि तीनों सरकारों को प्रत्येक मृतक के परिवार को कम से कम 50-50 लाख रुपये का मुआवजा देना चाहिए, ताकि वे आर्थिक रूप से स्थिर रह सकें। अंत में शाही इमाम ने जगरांव शहर की एकता की मिसाल देते हुए कहा कि यहाँ के निवासियों ने हमेशा एक-दूसरे के दुख में साथ दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मुस्लिम समाज पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है।

## महिलाओं को 1000 की स्कीम, रजिस्ट्रेशन की तारीख बदली, पंजाब की मालवा बेल्ट, मंत्रियों की सीटों पर फोकस



पंजाब/यूटर्न/13 अप्रैल। पंजाब में महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देने वाली ह्यमुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजनाह्व के लिए रजिस्ट्रेशन अब 15 अप्रैल से होगा। पहले इसके लिए 13 अप्रैल, बैसाखी का दिन तय था लेकिन बेअदबी कानून को लेकर स्पेशल विधानसभा सेशन की वजह से इसे टाल दिया गया। इससे पहले 14 अप्रैल को सीएम भगवंत मान जालंधर के आदमपुर में रैली कर इसकी शुरूआत करेंगे। इस योजना की शुरूआत 7 जिलों मुक्तसर, रोपड़, पटियाला, संगरूर, मोगा, जालंधर, फरीदकोट से होगी। इनमें से 5 जिले सबसे ज्यादा विधानसभा सीटों वाले मालवा और 2 जिले दलितलैंड कहे जाते दोआबा के हैं। इसके अलावा जिन विधानसभा क्षेत्रों को चुना गया है, उनमें 4 सीटें मंत्रियों, एक स्पीकर और एक आप की महिला विंग की स्टेट प्रेजिडेंट का है।

**शुरूआत के लिए कई प्रमुख जिलों को चुना...**सरकार ने इसके लिए मालवा के 5 और दोआबा के 2 जिले चुने हैं। मालवा के ज्यादा जिले इसलिए हैं क्योंकि पंजाब की 117 में से 69 सीटें इसी क्षेत्र में आती हैं। पिछली बार आप यहां से 62 सीटें जीती थी। दोआबा की 23 सीटों पर पिछली बार आप और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर हुई थी।






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372